**दिनांक–17.03.2026 को अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ हुई विभागीय कार्यों के प्रगति की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–**

---

1. **विद्युत विपत्रों के भुगतान की स्थिति एवं स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन की स्थितिः–**
   - ❖ अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पूर्णियाँ से उनके अधीनस्थ प्रमंडलों का PWS/MVS/SVS/MINI संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा की गई जिसमें उनके द्वारा संसूचित किया गया कि आज शाम तक संशोधित एवं त्रुटि रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया जाएगा तथा दिनांक–20.03.2026 तक स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन (Soft copy in Excel) मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
   - ❖ अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पटना, आरा, दरभंगा, छपरा, मोतिहारी एवं सासाराम से उनके अधीनस्थ प्रमंडलों का PWS/MVS/SVS/MINI संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन एवं स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा की गई जिसमें उक्त सभी संबंधित अधीक्षण अभियंताओं द्वारा संसूचित किया गया कि दिनांक–20.03.2026 तक संशोधित एवं त्रुटि रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया जाएगा तथा उक्त तिथि तक स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन (Soft copy in Excel) मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
   - ❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शेखपुरा द्वारा संसूचित किया गया कि दिनांक–20.03.2026 तक स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन (Soft copy in Excel) मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
   - ❖ अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बेगूसराय से उनके अधीनस्थ प्रमंडलों का PWS/MVS/SVS/MINI संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन तथा स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा की गई जिसमें उनके द्वारा संसूचित किया गया कि दिनांक–21.03.2026 तक संशोधित एवं त्रुटि रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया जाएगा तथा उक्त तिथि तक स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन (Soft copy in Excel) मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
   - ❖ अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुजफ्फरपुर से उनके अधीनस्थ प्रमंडलों का PWS/MVS/SVS/MINI संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन एवं स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा की गई जिसमें उनके द्वारा संसूचित किया गया कि दिनांक–22.03.2026 तक संशोधित एवं त्रुटि रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया जाएगा तथा उक्त तिथि तक स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन (Soft copy in Excel) मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
   - ❖ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, ढाका से PWS/MVS/SVS/MINI संबंधित 38 कॉलम प्रतिवेदन एवं स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा की गई जिसमें उनके द्वारा संसूचित किया गया कि दिनांक–23.03.2026 तक संशोधित एवं त्रुटि

रहित प्रतिवेदन (Soft and Hard copy) अपने एवं संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता के स्पष्ट मंतव्य के साथ समर्पित कर दिया जाएगा तथा उक्त तिथि तक स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन (Soft copy in Excel) मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

❖ समीक्षा के क्रम में संज्ञान में लाया गया कि MIS पर विभागीय जलापूर्ति योजनाओं (PRD) सहित के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं की मैपिंग कार्य में कतिपय त्रूटियाँ हैं एवं मैपिंग कार्य की प्रगति अत्यंत ही धीमा है। अत्यधिक मात्रा में बाकी रहने के वाबजूद भी कई प्रमंडलों द्वारा विगत 10 (दस) दिनों में 20 से कम उपभोक्ता संख्याओं का मैपिंग किया गया है। इस पर खेद व्यक्त करते हुए वैसे प्रमंडलों जहाँ अत्यधिक मात्रा में मैपिंग का कार्य बाकी है, परन्तु विगत 10 (दस) दिनों में 20 से कम (अनुलग्नक–1 एवं 2) उपभोक्ता संख्याओं का मैपिंग किया गया है, के कार्यपालक अभियंताओं से प्रशाखा–05/11 के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंताओं को अगले एक सप्ताह के भीतर MIS पर जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता सख्याओं का त्रूटिरहित एवं पूर्ण मैपिंग करने का निदेश दिया गया। संबंधित अधीक्षण अभियंताओं को निदेशित किया गया कि अपने स्तर से अनुश्रवण करते हुए विभागीय जलापूर्ति योजनाओं के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं को MIS Portal पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0) के प्रावैधिक सचिव/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा संवेदकों/एजेंसियों को डिवार से मुक्त करने हेतु की जा रही अनुशंसा में मात्र एकरारनामा विशेष से संबंधित विद्युत उपभोक्ता संख्याओं के विरूद्ध लंबित बकाये राशि को ध्यान में रखते हुए अनुशंसा किया जा रहा है, जो उचित नहीं है क्योंकि संबंधित संवेदक/एजेंसियों का उसी प्रमंडल के अन्य एकरारनामा के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं के विरूद्ध अत्याधिक मात्रा में बकाये राशि का भुगतान लंबित रहता है। फलतः सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं, सभी अधीक्षण अभियंताओं एवं सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि किसी संवेदक/एजेंसी विशेष को डिवार से मुक्त करने की अनुशंसा से पूर्व उस संवेदकों/एजेंसियों से संबंधित सभी एकरारनामा के विद्युत उपभोक्ता संख्याओं के विरूद्ध लंबित बकाये राशि का समीक्षा कर लेंगे। बकाये राशि का संतोषजनक भुगतान होने पर ही डिवार मुक्त का अनुशंसा करेंगे अन्यथा विद्युत विपत्रों के बकाये राशि के उत्तरोत्तर वृद्धि में उन्हें भी संलिप्त मानते हुए उनके विरूद्ध भी अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

**अनुपालनः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/संबंधित सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/संबंधित सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी।**

**2. <u>MIS Mapping/Entry (Store/Material/Contractor/Supervisor/Repair Team/Electric Meter/Electricity Bill/IOT etc.):-</u>**

❖ स्टोर/भंडार की मैपिंग की समीक्षा की गई जिसमें लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया, किशनगंज, हिलसा, बिहारशरीफ, पटना पूर्व एवं पटना पश्चिम को छोड़कर शेष सभी

प्रमंडलों में स्टोर/भंडार की मैपिंग का कार्य पूर्ण पाया गया एवं उपर्युक्त प्रमंडलों द्वारा संसूचित किया गया है कि अगले एक–दो दिनों में स्टोर/भंडार की मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

❖ मरम्मति दल की मैपिंग की समीक्षा की गई जिसमें PHED योजनाओं में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, फारबिसगंज, गोपालगंज, कैमूर, खगड़िया, किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, छपरा, शेरघाटी एवं सिवान के द्वारा मरम्मति दल का मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं PRD योजनाओं में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बाराहाट, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नवादा, पटना पूर्व, छपरा, शेरघाटी, सिवान एवं हाजीपुर को छोड़कर शेष प्रमंडलों द्वारा मरम्मति दल का मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त के आलोक में शेष सभी प्रमंडलों (PHED/PRD) को निदेशित किया गया है कि अगले साप्ताहिक बैठक के पूर्व मरम्मति दल मैपिंग का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय प्रमंडलों द्वारा MIS पर Smart Meter की प्रविष्टि आंशिक रूप से की गई है। इस पर खेद व्यक्त करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि उक्त कार्य में शिथिलता न बरती जाय। साथ ही सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि संबंधित संवेदकों से लंबित विद्युत विपत्रों की बकाया राशि का भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता /सभी कार्यपालक अभियंता।**

## 3. Left out tola PHED/PRD Land Availability:-

❖ भूमि उपलब्धता/अनुपलब्धता की समीक्षा के क्रम में सभी कार्यपालक अभियंताओं को ध्यानाकृष्ट कराया गया कि पूर्व बैठकों में सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया था कि ''हर घर नल का जल'' योजना के छुटे हुए टोलों में भूमि उपलब्धता की अद्यतन स्थिति की प्रविष्ट विभागीय MIS Portal पर करेंगे तथा भूमि अनुपलब्धता की स्थिति में जिला स्तरीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने हेतु विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संपर्क करेंगे। विदित हो कि ''हर घर नल का जल'' योजना के छूटे हुए टोलों में चल रहे निर्माण कार्य को माह जून 2026 तक पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया था। परन्तु आज की बैठक तक भी कतिपय प्रमंडलों में सभी योजनाओं (PHED/PRD) में संवेदकों को भूमि उपलब्ध नहीं कराया गया है जिस पर खेद व्यक्त करते हुए पुनः सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया है कि यथाशीघ्र संवेदकों को भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

## 4. Left out tola PHED Work progress:-

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे हुए टोलों के लिए 288 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 247 योजनाओं में भूमि उपलब्ध करा दिया गया है एवं शेष 41 योजनाओं के लिए भूमि भी चिह्नित कर लिया गया है। भूमि उपलब्ध कराए गए योजनाओं में बोरिंग

का कार्य कर लिया गया है जिसमें से 161 योजनाओं को अगले सप्ताह तक चालू कर लिए जाने का आश्वासन दिया गया।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे हुए टोलों के लिए 833 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 739 योजनाओं से संबंधित मामला माननीय उच्च न्यायालय, पटना में विचाराधीन है एवं शेष 94 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उपर्युक्त 739 योजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता संबंधी पृच्छा की गई तो संबंधित पदाधिकारियों द्वारा कोई ठोस उत्तर नहीं दिया गया, जिससे यह ज्ञात हो रहा है कि जानबूझकर उक्त योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने में कोई रूचि नहीं लिया जा रहा है जबकि पूर्व में भी निदेशित किया जाता रहा है कि सभी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। अतः उक्त के आलोक में संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने हेतु निदेशित किया गया।

**अनुपालनः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पूर्णियाँ की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे हुए टोलों के लिए 318 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 290 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराते हुए 138 योजनाओं में सभी कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 135 योजनाओं में सीधी जलापूर्ति की जा रही है एवं शेष 28 योजनाओं के लिए भूमि भी चिह्नित कर लिया गया है।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे हुए टोलों के लिए 548 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 512 योजनाओं के लिए भूमि संवेदकों को उपलब्ध करा दिया गया है एवं शेष योजनाओं के लिए अगले एक सप्ताह के अन्दर भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे हुए टोलों के लिए 969 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 962 योजनाओं में भूमि उपलब्ध करा दिया गया है एवं शेष 7 योजनाओं के लिए भूमि अभी उपलब्ध नहीं हुआ है जिसे यथाशीघ्र कर लिया जाएगा। साथ ही बताया गया कि 236 योजना ट्रायल रन में है एवं अगले सप्ताह तक 85 और योजना ट्रायल रन में जाने का आश्वासन दिया गया।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि PHED के छुटे हुए टोलों के लिए 304 एवं PRD के छुटे हुए टोलों के लिए 522 अर्थात कुल 826 योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराना था जिसमें से 522 योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध करा दिया गया। पृच्छा के दौरान कार्यपालक अभियंता, हाजीपुर द्वारा यह भी बताया गया कि उनके यहाँ शेष बचे 304 योजना में से 199

योजना ऐसा है जिसमें निर्माण कार्य अब नहीं होने वाला है, जबकि उस योजना का स्वीकृत्यादेश भी निर्गत किया जा चूका है। कार्यपालक अभियंता हाजीपुर को निदेशित किया गया कि उक्त 199 योजना की सूची एवं उक्त योजना किन–किन पदाधिकारी द्वारा तैयार कर अनुमोदन प्राप्त की गई है कि सूचि अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0) को उचित माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। साथ ही इस तरह के मामले अगर अन्य प्रमंडलों में भी होंगे तो संबंधित कार्यपालक अभियंता योजना की अद्यतन सूची एवं संबंधित पदाधिकारी की संलिप्तता की सूचि उचित माध्यम से अविलंब अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0) को उपलब्ध कराएंगे।

**अनुपालनः– संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 426 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराना था जिसमें से 364 योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध करा दिया गया है।

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, किशनगंज की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे हुए टोलों के लिए 717 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 335 योजनाओं से संबंधित मामला माननीय उच्च न्यायालय, पटना में विचाराधीन है एवं 355 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराते हुए बोरिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा शेष योजनाओं के लिए भूमि तलाश की जा रही है। अतः धीमी प्रगति को देखते हुए मुख्य अभियंता पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ को निदेशित किया गया कि संबंधित अधीक्षण अभियंता से उक्त प्रमंडल में इतनी धीमी प्रगति के संबंध में जाँच कर प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे टोलों के लिए 267 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराना था जिसमें से सभी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराते हुए 236 योजनाओं के ट्रायल रन में होने की जानकारी कार्यपालक अभियंता द्वारा दी गई, शेष योजनाओं को अगले सप्ताह तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, झंझारपुर की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे टोलों के लिए 40 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराना था जिसमें से सभी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराते हुए 24 योजनाओं में ट्रायल रन में होने की जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान संज्ञान में आया कि उक्त योजनाओं के लिए वर्ष 2024 में ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चूकि है। उक्त के आलोक में संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने एवं अगले बैठक के पूर्व उक्त योजना का संवेदकवार एवं एकरारनामावार विस्तृत जानकारी समाहित करते हुए प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/संबंधित कार्यपालक अभियंता**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मधुबनी की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PHED के छुटे टोलों के लिए 50 योजनाओं में भूमि उपलब्ध कराना था जिसमें से सभी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराते हुए 33 योजनाओं में ट्रायल रन में होने की जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान संज्ञान में आया कि उक्त योजनाओं के लिए वर्ष 2024 में ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चूकि है। उक्त के आलोक में संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण करने एवं अगले बैठक के पूर्व उक्त योजना का संवेदकवार एवं एकरारनामवार विस्तृत जानकारी समाहित करते हुए प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 5. Left out tola PRD Work progress:-

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 264 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 216 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है एवं शेष योजनाओं को माह अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतीपुर की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 404 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 245 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है एवं शेष योजनाओं को माह मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 74 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 51 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है एवं शेष योजनाओं को माह मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 716 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 510 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है। शेष योजनाओं को माह मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।
- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 666 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 453 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है। शेष योजनाओं को माह मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 542 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 475 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है एवं 39 योजना

ट्रायल रन में है तथा इस माह में और 105 योजना ट्रायल रन में जाने की जानकारी दी गई।शेष योजनाओं को माह मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा संसूचित किया गया कि PRD के छुटे टोलों के लिए 327 योजनाओं में कार्य कराना था जिसमें से 294 योजनाओं में बोरिंग का कार्य कर लिया गया है एवं इस माह में 30 योजना ट्रायल रन में जाने की जानकारी दी गई।

**अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

**6. <u>अन्यान्यः–</u>**

- समीक्षा के क्रम में अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) द्वारा ध्यानाकृष्ट कराया गया कि सुचनाएं प्राप्त हो रही हैं कि लंबित विद्युत मद में भुगतान नहीं होने की स्थिति में बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काटा जा रहा है जिससे योजनाएं बंद हो रही है एवं जलापूर्ति बाधित हो रहा है। अतः सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो इससे पहले ही संबंधित संवेदकों से लंबित विद्युत विपत्रों का यथाशीघ्र भुगतान कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी भी जलापूर्ति योजना विद्युत विच्छेद के कारण बंद होता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी।

**अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु सभी उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक – 102/25-284 दिनांक– 02/4/26

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक – 102/25-284 दिनांक– 02/4/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/व्ययक–102/25–284 दिनांक– 02/4/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/व्ययक–102/25–284 दिनांक– 02/4/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)